प्रो0 बी.पी. नौटियाल
कुलसचिव

# वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली
# उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय

भरसार, पौडी गढ़वाल, उत्तराखण्ड 246123
मोबाईल. 94129 86036

पत्रांक: UUHF/Reg/ 78 /2022-23

दिनांक : 02.07.2022

सेवामें,

सचिव
कृषि एवं कृषक कल्याण अनुभाग–2
उत्तराखण्ड शासन।

विषयः भरसार विश्वविद्यालय के कुलपति के चयन हेतु सर्च कमेटी में मा. प्रबन्ध परिषद से सदस्य नामित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

विश्वविद्यालय के अधिनियिम की धारा 11(1) के अनुसार विश्वविद्यालय के कुलपति के चयन हेतु सर्च कमेटी में प्रबन्ध परिषद् द्वारा प्रबन्ध परिषद् के किसी एक सदस्य को नामित किया जाना प्राविधानित है। शासन के पत्रांकG-11/XII-2/22-09(12)/2014 दिनांक 11 मई, 2022 (संलग्नक) एव 583/XIII-2/22-09(12)/2014 T.C. दिनांक 03 जून, 2022 के क्रम में विश्वविद्यालय की प्रबन्ध परिषद् की 12वीं बैठक दिनांक 02 जुलाई, 2022 को सम्पन्न हुई। प्रबन्ध परिषद् द्वारा कुलपति चयन हेतु सर्च कमेटी में प्रबन्ध परिषद् के कार्यवृत्त संख्या **UUHF/BOM/12/01** द्वारा सर्वसम्मति से डॉ. प्रभात कुमार को सर्च कमेटी हेतु सदस्य के रूप में नामित किया गया। मा. प्रबन्ध परिषद् की 12वीं बैठक का कार्यवृत्त की प्रति आपके अवलोकनार्थ प्रेषित है।

महोदय, उपरोक्तानुसार सूचित होने का कष्ट करें।

सादर,

भवदीय,

( बी.पी. नौटियाल )
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति जी के निजी सचिव को मा. कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. कार्यालय प्रति।

( बी.पी. नौटियाल )
कुलसचिव

# वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय
## भरसार पौड़ी गढ़वाल– 246123

## प्रबन्ध परिषद् की बारहवीं बैठक का कार्यवृत्त
**(Minutes of 12th Meeting of the Board of Management)**

वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार की प्रबन्ध परिषद् की बारहवीं बैठक दिनांक 02 जुलाई, 2022 को सेलाकुई, देहरादून में सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति एवं प्रबन्ध परिषद् के अध्यक्ष प्रो. ए.के. कर्नाटक द्वारा की गई।

प्रबन्ध परिषद् की बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थेः–

1. प्रो. ए.के. कर्नाटक – अध्यक्ष
   कुलपति, वी.च.सिं.ग.उ.औ. एवं वा. वि.वि, भरसार
2. पदम श्री श्री प्रेम चन्द्र शर्मा – नामित अध्यक्ष
   प्रगतिशील किसान
3. डॉ. शैलेन्द्र राजन – सदस्य
   निदेशक, केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान
   लखनऊ (आई.सी.ए.आर. प्रतिनिधि)
4. डॉ. प्रभात कुमार, प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक – सदस्य
   राष्ट्रीय समन्वयक, नाहेप, आई.सी.ए.आर.
   नई दिल्ली
5. डा. एम.सी. नौटियाल, कृषि विशेषज्ञ – सदस्य
   देहरादून
6. डा. कमल सिंह, पशुधनप्रजनक – सदस्य
   पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
   उत्तराखण्ड लाईव स्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड, देहरादून
7. श्री गिरीश चन्द्र – सदस्य
   वित्त नियंत्रक, वी.च.सिं.ग.उ.औ. एवं वा. वि.वि, भरसार
8. प्रो. वी.पी. खण्डूड़ी – सदस्य
   अधिष्ठाता, वानिकी महाविद्यालय, रानीचौरी
9. डॉ. चन्द्रेश्वर तिवारी – सदस्य
   निदेशक प्रसार, वी.च.सिं.ग.उ.औ.एवं वा. वि.वि, भरसार
10. डॉ. अमोल वशिष्ठ – सदस्य
    सह–निदेशक शोध, वी.च.सिं.ग.उ.औ.एवं वा.वि.वि, भरसार

11. प्रो. बी.पी. नौटियाल — सदस्य सचिव
अधिष्ठाता / कुलसचिव

बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव द्वारा मा. कुलपति महोदय / अध्यक्ष सहित उपस्थित सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया। तदोपरान्त कुलपति महोदय की आज्ञा पर कुलसचिव द्वारा कार्यसूची (Agenda) के आकस्मिक प्रस्ताव के साथ–साथ कुलपति की अनुमति उपरांत अतिरिक्त प्रस्तावों को प्रबन्ध परिषद के सम्मुख विचारार्थ रखा गया।

**<u>कार्यवृत्त सं0</u> UUHF/BOM/12/01:राज्य सरकार के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के कुलपति के चयन हेतु सर्च कमेटी गठित किये जाने के क्रम में सर्च कमेटी हेतु मा. प्रबन्ध परिषद द्वारा प्रबन्ध परिषद् के सदस्यों में से एक सदस्य नामित किये जाने हेतु प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय के अधिनियिम की धारा 11(1) के अनुसार विश्वविद्यालय के कुलपति के चयन हेतु सर्च कमेटी में प्रबन्ध परिषद् द्वारा प्रबन्ध परिषद् के किसी एक सदस्य को नामित किया जाना प्राविधानित है। शासन के पत्रांक G-11/XII-2/22-09(12)/2014दिनांक 11 मई, 2022 (संलग्नक) एवं 583/XIII-2/22-09(12)/2014 T.C. दिनांक 03 जून, 2022 द्वारा भरसार विश्वविद्यालय के कुलपति के चयन हेतु सर्च कमेटी में मा. प्रबन्ध परिषद से यथा प्रक्रियानुसार सदस्य नामित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अतः सर्च कमेटी हेतु प्रबन्ध परिषद् के सदस्यों में से 01 सदस्य नामित किये जाने का प्रस्ताव मा. प्रबन्ध परिषद् के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

बैठक में प्रबन्ध परिषद् में कुलपति / अध्यक्ष द्वारा स्वागतोपरांत परिषद की कार्यवाही में भाग नहीं लिया एवं श्री प्रेम चन्द्र शर्मा, प्रगतिशील किसान को परिषद् की बैठक हेतु अध्यक्ष नामित किया। श्री प्रेम चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में कुलसचिव द्वारा कार्यसूची के प्रस्ताव को परिषद् के सम्मुख प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् परिषद के सदस्य प्रो. सी. तिवारी द्वारा डॉ. प्रभात कुमार, औद्यानिकी आयुक्त, भारत सरकार, जोकि मा. प्रबन्ध परिषद के सदस्य हैं के नाम का प्रस्ताव सर्च कमेटी हेतु सदस्य के रूप में प्रस्तावित किया गया जिसका परिषद् के मा. सदस्य डॉ. कमल सिंह द्वारा समर्थन किया गया। सम्यक् विचारोपरांत उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गई एवं सर्वसम्मति से डॉ. प्रभात कुमार को प्रबन्ध परिषद् के सदस्यों में से सर्च कमेटी हेतु सदस्य नामित किया गया।

मा. अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सभी मा. सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं तत्पश्चात बैठक सम्पन्न हुई।

(प्रो0 बी0पी0 नौटियाल)
कुलसचिव / सदस्य–सचिव
प्रबन्ध परिषद

12.07.22
(प्रो0 ए0के0 कर्नाटक)
कुलपति / अध्यक्ष
प्रबन्ध परिषद